रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 595] नई दिल्ली, बुधवार, जुलाई 5, 2017/आषाढ़ 14, 1939
No. 595] NEW DELHI, WEDNESDAY, JULY 5, 2017/ASADHA 14, 1939

वित्त मंत्रालय

(आर्थिक कार्य विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 5 जुलाई, 2017

सा.का.नि.829(अ).— केंद्रीय सरकार, सिक्का निर्माण अधिनियम, 2011 (2011 का 11) की धारा 24 की उप-धारा (2) के खंड (घ) और (ड.) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थातः-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ :-** (1) इन नियमों का नाम श्री जगन्नाथ नबकलेबर महोत्सव 2015 को मनाने के लिए एक हजार रुपये तथा दस रुपये के सिक्कों का निर्माण नियम, 2017 है।
(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. **सिक्कों का अंकित मूल्य**-- **"श्री जगन्नाथ नबकलेबर महोत्सव 2015"** को मनाने के लिए केन्द्रीय सरकार के प्राधिकार के अधीन जारी करने हेतु टकसाल में निम्नलिखित अंकित मूल्य के सिक्कों का निर्माण किया जाएगा, अर्थात :-

(i) एक हजार रुपये; और

(ii) दस रुपये;

3. **सिक्कों की विमाएं और संरचना** --- नियम 2 में उल्लिखित अंकित मूल्य के सिक्के निम्नलिखित विमाओं और संरचना के अनुरूप होंगे, अर्थात :-

सिक्के का अंकित मूल्य	आकृति और बाह्य व्यास	दांतों की संख्या	धातु संरचना
(1)	(2)	(3)	(4)
एक हजार रुपये	वृत्ताकार 44 मिलीमीटर	200	**रजत मिश्र धातु** रजत– 80 प्रतिशत तांबा – 20 प्रतिशत

दस रुपये	वृत्ताकार 27 मिलीमीटर (द्विधात्विक)	शून्य	**बाह्य वलय** **(एल्युमिनियम कांसा)** तांबा – 92 प्रतिशत एल्युमिनियम- 06 प्रतिशत निकल – 02 प्रतिशत **केंद्रीय भाग** **(कूप्रो निकल)** तांबा- 75 प्रतिशत निकल – 25 प्रतिशत

4. **डिज़ाइन.–** सिक्कों का डिज़ाइन इन नियमों की प्रथम अनुसूची में निर्दिष्ट किए अनुसार होगा।

5. **मानक वजन तथा अनुज्ञात छूट**: "श्री जगन्नाथ नबकलेबर महोत्सव 2015" को मनाने के लिए बनाए गए एक हजार रुपये तथा दस रुपये के सिक्कों का मानक वजन और ऐसे सिक्कों को बनाने में अनुज्ञात छूट वह होगी जो इन नियमों की द्वितीय अनुसूची में विनिर्दिष्ट होगी।

प्रथम अनुसूची

(नियम 4 देखें)

(i) एक हजार रुपये

अग्र भाग

सिक्के के मुख भाग पर मध्य में अशोक स्तम्भ का सिंह शीर्ष होगा, जिसके नीचे **"सत्यमेव जयते"** उत्कीर्णित होगा, उसकी बायीं परिधि पर देवनागरी लिपि में "**भारत**" शब्द और दायीं परिधि पर अंग्रेजी में **"**INDIA**"** शब्द होगा और सिंह शीर्ष के नीचे रुपया का प्रतीक **"₹"** और अंतर्राष्ट्रीय अंकों में अंकित मूल्य **"1000"** भी होगा ।

पृष्ठ भाग

सिक्के के इस भाग पर मध्य में **"श्री जगन्नाथ"** का चित्र होगा, सिक्के की ऊपरी परिधि पर देवनागरी लिपि में **"श्री जगन्नाथ नबकलेबर २०१५"** और निचली परिधि पर अंग्रेजी में **"SHREE JAGANNATH NABAKALEBARA 2015"** उत्कीर्णित होगा। झंडे सहित नीलाचक्र का प्रतीक सिक्के की बायीं ओर दायीं परिधि पर होगा।

(ii) दस रुपये

अग्र भाग

सिक्के के मुख भाग पर मध्य में अशोक स्तम्भ का सिंह शीर्ष होगा, जिसके नीचे **"सत्यमेव जयते"** उत्कीर्णित होगा, उसकी बायीं परिधि पर देवनागरी लिपि में **"भारत"** शब्द और दायीं परिधि पर अंग्रेजी में **"**INDIA**"** शब्द होगा और सिंह शीर्ष के नीचे रुपया का प्रतीक **"₹"** और अंतर्राष्ट्रीय अंकों में अंकित मूल्य **"10"** भी होगा ।

पृष्ठ भाग

सिक्के के इस भाग पर मध्य में **"श्री जगन्नाथ"** का चित्र होगा, सिक्के की ऊपरी परिधि पर देवनागरी लिपि में **"श्री जगन्नाथ नबकलेबर २०१५"** और निचली परिधि पर अंग्रेजी में **"SHREE JAGANNATH NABAKALEBARA 2015"** उत्कीर्णित होगा। झंडे सहित नीलाचक्र का प्रतीक सिक्के की बायीं ओर दायीं परिधि पर होगा।

द्वितीय अनुसूची

(नियम 5 देखें)

सिक्के का अंकित मूल्य	मानक वजन	अनुज्ञात छूट	
		संरचना में	मानक वजन में
(1)	(2)	(3)	(4)
एक हजार रूपये	35 ग्राम	चांदी में 3/1000वां कम या ज्यादा अर्थात चाँदी प्रति 1000 में 797 से 803 तक हो सकेगी।	1/100वां कम या ज्यादा अर्थात वजन 34.65 ग्राम से 35.35 ग्राम तक हो सकता है ।

दस रूपये	7.71 ग्राम (बाह्य वलय 4.45 ग्राम और मध्य भाग 3.26 ग्राम)	**बाह्य वलय- (एल्युमिनियम-कांसा)** एल्युमिनियम- 5.5 प्रतिशत से 6 प्रतिशत, निकल- 1.75 प्रतिशत से 2 प्रतिशत और शेष तांबा है। **मध्य भाग- (कूप्रो- निकल)** तांबा और निकल दोनों के लिए 1 प्रतिशत कम या ज्यादा अर्थात तांबा 74 प्रतिशत से 75 प्रतिशत और निकल 24 प्रतिशत से 26 प्रतिशत तक हो सकता है।	2.5 प्रतिशत कम या ज्यादा अर्थात वजन 7.52 ग्राम से 7.90 ग्राम तक हो सकता है।

[फा. सं. 02/10/2015-सिक्का]

शोबा बेसिल, अवर सचिव

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Economic Affairs)

NOTIFICATION

New Delhi, the 5th July, 2017

G.S.R. 829(E).— In exercise of the powers conferred by clauses (d) and (e) of sub-section (2) of section 24 of the Coinage Act, 2011 (11 of 2011), the Central Government hereby makes the following rules, namely:-

1. **Short title and commencement.-** (1) These rules may be called the Coinage of One Thousand Rupees and Ten Rupees coins to commemorate the occasion of Shree Jagannath Nabakalebara Festival 2015 Rules, 2017.
(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Denomination of coins.-** The coins of the following denominations shall also be coined at the Mint for issue under the authority of the Central Government to commemorate the occasion of "Shree Jagannath Nabakalebara Festival 2015", namely:-
(1) One Thousand Rupees; and
(2) Ten Rupees

3. **Dimension and composition of coins.-** The coins of the denominations mentioned in rule 2 shall conform to the following dimensions and composition, namely:-

Denomination of the coin	Shape and outside diameter	Number of Serrations	Metal Composition
(1)	(2)	(3)	(4)
One Thousand Rupees	Circular 44 millimeter	200	**Silver Alloy** Silver - 80 Per cent. Copper - 20 Per cent.
Ten Rupees	Circular 27 millimeter (Bi- metallic)	NIL	**Outer Ring** **(Aluminium Bronze)** Copper - 92 Per cent. Aluminum - 06 Per cent. Nickel - 02 Per cent. **Center Piece** **(Cupro Nickel)** Copper – 75 Per cent. Nickel – 25 Per cent.

4. **Design.-** The design of the coins shall be as specified in the First Schedule to these rules.

5. **Standard weight and remedy allowed. –** The standard weight of the coins of the One Thousand Rupees and Ten Rupees denominations, coined to commemorate the occasion of "Shree Jagannath Nabakalebara Festival 2015" and the remedy allowed in making of such coins shall be as specified in the Second Schedule to these rules.

The First Schedule

(See Rule 4)

ONE THOUSAND RUPEES

OBVERSE:

The face of the coin shall bear the Lion Capitol of Ashoka Pillar in the centre with the legend "**सत्यमेव जयते**" inscribed below, flanked on the left periphery with the word **"भारत"** in Devnagri script and on the right periphery with the word "INDIA" in English, and it shall also bear the Rupee symbol "₹" and denominational value "**1000**" in International Numerals below the Lion Capitol.

REVERSE:

This face of the coin shall bear the image of "Shree Jagannath" in the centre, with inscription **"श्री जगन्नाथ नबकलेबर २०१५"** in Devnagri script on upper periphery and the lower periphery shall bear the inscription "SHREE JAGANNATH NABAKALEBARA 2015" in English. The symbol of Neelachakra with flag shall be on left and right periphery of the coin.

TEN RUPEES

OBVERSE:

The face of the coin shall bear the Lion Capitol of Ashoka Pillar in the centre with the legend **"सत्यमेव जयते"** inscribed below, flanked on the left periphery with the word **"भारत"** in Devnagri script and on the right periphery with the word "INDIA" in English, and it shall also bear the Rupee symbol "₹" and denominational value "**10**" in International Numerals below the Lion Capitol.

REVERSE:

This face of the coin shall bear the image of "Shree Jagannath" in the centre, with inscription **"श्री जगन्नाथ नबकलेबर २०१५"** in Devnagri script on upper periphery and the lower periphery shall bear the inscription "SHREE JAGANNATH NABAKALEBARA 2015" in English. The symbol of Neelachakra with flag shall be on left and right periphery of the coin.

The Second Schedule

(See Rule 5)

Denomination of coin	Standard Weight	Remedy Allowed	
		In composition	In Standard Weight
(1)	(2)	(3)	(4)
One Thousand Rupees	35 grams	3/1000 plus or minus for Silver, that is to say the Silver content may vary from 797 to 803 per 1000.	$1/100^{th}$ plus or minus that is to say weight could be 34.65 grams to 35.35 grams.
Ten Rupees	7.71 grams (Outer Ring 4.45 grams and Centre Piece 3.26 grams)	**Outer Ring (Aluminium Bronze)** Aluminium –5.5 per cent. to 6 per cent Nickel – 1.75 per cent. to 2 per cent and remainder are Copper. **Centre Piece (Cupro - Nickel)** Plus or Minus 1 per cent for both Copper and Nickel, that is to say, the Copper may vary from 74 per cent. to 75 per cent and Nickel may vary from 24 per cent. to 26 per cent.	Plus or minus 2.5 per cent that is to say, weight could vary from 7.52 grams to 7.90 grams.

[F.No. 02/10/2015-Coin]

SHOBA BASIL Under Secy.

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.

ALOK KUMAR Digitally signed by ALOK KUMAR Date: 2017.07.10 11:55:08 +05'30'